निरीक्षण | कलेक्टर पहुंचे खरीदी केंद्र, जांची उपार्जन की व्यवस्थाएं

# उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी



**नवभारत,जबलपुर।** जिले में गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाए रखने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने कृषि उपज मंडी स्थित उपार्जन केंद्र और करौंदा बाईपास स्थित वेयरहाउस खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि प्रशासन उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### बैनर-पोस्टर के जरिए मिलेगी जानकारी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा किसानों के हित में जारी किए गए दिशा-निर्देशों, समर्थन मूल्य और बोनस संबंधी जानकारियों के बैनर व पोस्टर खरीदी केंद्रों के मुख्य द्वार पर अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सूचनाओं का स्पष्ट प्रदर्शन होने से किसानों में जागरूकता बढ़ेगी और उन्हें किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी।

### मंडी की बोली व्यवस्था का भी लिया जायजा



उपार्जन केंद्रों के साथ-साथ कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी में चल रही सामान्य खरीदी और नीलामी प्रक्रिया का भी सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर उपज की आवक और तौल की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि शासन द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अभिषेक सिंह ठाकुर, मंडी सचिव आर के सैयाम सहित अन-?य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# युवक को जूतों की माला पहनाई, सरेराह पीटा, वीडियो वायरल

**डीजे पर डांस को लेकर उपजा था विवाद, काउंटर केस दर्ज**

**जबलपुर।** शहपुरा भिटोनी थाना अंतर्गत बम्हनी में बीती रात एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर डांस करने पर उपजे विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर दी जमकर लात घूंसे चले। विवाद यहीं नहीं थमा दूसरे दिन बुधवार को एक पक्ष ने दूसरे पक्ष क युवक को जूतों की मामला पहनाई और सरेराह उसे घुमाया। इस दौरान उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। जिसका वीडियो बनाने के बाद वायरल कर दिया गया । हालांकि मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक बम्हनी में यादव परिवार में शादी समारोह आयोजित था । मंगलवार की रात्रि डीजे पर नाचने को लेकर यादव और रैकवार परिवार के सदस्यों के बीच विवाद हुआ । चंद ही पलों में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की । दोनों परिजनों की समझाइश के बाद विवाद शांत हुआ लेकिन बुधवार सुबह यादव परिवार के सदस्यों ने पुन: रैकवार परिवार पर हमला बोल दिया। इसके बाद एक युवक को जूतों की माला पहनाई और उसे सड़क पर घुमाया। वायरल वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि युवक को घसीटते हुए ले जाया गया और बीच सड़क पर उसे पीटा गया। इसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है। एक पक्ष से प्रशांत यादव, राम यादव, और दूसरे पक्ष से शिवा रैकवार, शिव रैकवार को आरोपी बनाया गया है।

# यज्ञशाला में अधेड़ की खून से सनी मिली लाश

**हत्या, हादसा एंगल पर छानबीन**

**जबलपुर।** मझोली थाना अंतर्गत बगिया मोहल्ला ग्राउंड यज्ञशाला में अधेड़ की खून से सनी लाश पड़ी मिली। मामले में हत्या, हादसा एंगल पर छानबीन की जा रही है । पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर लिया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत कारण पता चल सकेगा जिसके बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी ।

प्रभारी मझोली नेहरू सिंह खण्डाते ने बताया कि श्रीमती खिलौना बाई 50 वर्ष निवासी बगियाना मोहल्ला इंद्राना ने सूचना दी कि उसके पति तुलसी कोल उर्फ भूरा कोल 55 वर्ष मंगलवार रात्रि खाना खाकर घर से निकले थे, जो रात भर वापस नहीं आए। बुधवार



सुबह करीब 6 बजे जेठ के लड़के रंजीत ने बताया कि उसके पति तुलसी कोल बगिया मोहल्ला ग्राउंड यज्ञशाला में बरगद के पेड़ के पास पड़े हैं। पास जाकर देखा तो पति मृत अवस्था में पड़े थे, उनके चेहरे से खून निकला हुआ था और बाया पैर घुटने से मुड़ा हुआ था, शरीर पर चोट के निशान थे। शव के पास चप्पल, बांस के टुकड़े जिनमें खून लगा था और एक टाट की पट्टी पड़ी मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### माढ़ोताल में मिला वृद्ध का शव

माढ़ोताल थाना थाना अंतर्गत कटंगी रोड पर एक वृद्ध का शव पड़ा मिला । मौत कैसे और किन कारणों से हुई इसका पता नहीं चल सका । पुलिस के मुताबिक बुधवार को प्यारेलाल काछी 65 वर्ष निवासी पडवार कला गौरीशंकर घर्मकांटा के पास सब्जी की दुकान कटंगी रोड माढोताल सूचना दी कि दुकान के पास दोपहर 1-30 बजे एक अज्ञात पुरूष उम्र 60-70 वर्ष का आकर लेट गया था लगभग डेढ घंटे बाद कोई हलचल न दिखने पर पास जाकर देखा एवं 108 एम्ब्यूलेसं को सूचना दी एम्बुलेंस के डाक्टर ने चैक कर अज्ञात वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

# विवाहों में कानूनी प्रक्रियाओं का नहीं हो रहा पालन

**अंतर-धार्मिक विवाहों पर विवाद, राष्ट्रीय बजरंग दल ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में अंतर-धार्मिक विवाहों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। राष्ट्रीय बजरंग दल और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ऐसे विवाहों पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम दिया गया है।



संगठन के महाकौशल प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर ने बताया कि विशेष रूप से विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत प्रस्तावित विवाहों में कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में मध्य प्रदेश धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम 2020 के तहत 60 दिन पूर्व सूचना देने की अनिवार्यता का उल्लंघन किया जा रहा है। ज्ञापन में सारिका सेन बनाम म.प्र. शासन (27 मई 2024) का हवाला देते हुए कहा गया कि मुस्लिम पुरुष और हिंदू महिला के बीच विवाह को वैध नहीं माना गया, भले ही उसे विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत करने का प्रयास किया जाए। संगठन ने पूर्व के अंकिता राठौर एवं हसनैन अंसारी प्रकरण (27 जनवरी 2025) का भी उल्लेख किया, जिसमें अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा आवेदन निरस्त किया गया था। इसी आधार पर वर्तमान में सूचीबद्ध 10 विवाह आवेदनों की जांच कर उन्हें रद्द करने की मांग की गई है। अर्पित सिंह ठाकुर ने कहा कि शहर की सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि संगठन इस मुद्दे पर हर स्तर तक संघर्ष करने को तैयार है। इस दौरान विभाग मंत्री एडवोकेट सोनू श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जिला मंत्री कपिल रैकवार, कवि राठौर, मुकेश गौतम और दीपक राजपूत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक नजर में



## किसानों के नाम पर व्यापारियों या बिचौलियों ने बेचा गेहूं तो होगा एक्शन

**नवभारत,जबलपुर।** उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाने के प्रयासों पर सख्ती से लगाम लगाने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को एसडीएम शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी ने सेमरा और भिड़की स्थित खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों की सुविधा के लिहाज से खरीदी केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। एसडीएम ने समिति प्रबंधकों और खरीदी केंद्र प्रभारी को एफएक्यू क्वालिटी का ही गेहूं उपार्जित करने के निर्देश दिये। उन्होंने वास्तविक किसानों से ही खरीदी सुनिश्चित करने की हिदायत देते हुये केंद्र प्रभारी और समिति प्रबंधकों से कहा कि व्यापारियों या बिचौलियों द्वारा किसानों के नाम पर गेहूं बेचने के प्रयासों की तत्काल सूचना दें, ताकि उनके विरुद्ध फौरन एक्शन लिया जा सके।



## जबलपुर-नागपुर हाईवे पर हाईवा डिवाइडर से टकराया

**जबलपुर।** जबलपुर-नागपुर हाईवे पर मानेगांव के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार हाईवा अचानक बेकाबू हो गया और सीधे डिवाइडर से टकरा गया। जानकारी के अनुसार मानेगांव के पास जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज हाईवा अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गया। हालांकि हादसे में किसी जनहानि नहीं हुई है हाईवा क्षतिग्रस्त जयर हुआ है।

## कांग्रेस नेता सम्मति सैनी को मिला उमरिया जिले का प्रभार

**जबलपुर, नवभारत।** कांग्रेस के वरिष्ठ और सक्रिय नेता सम्मति प्रकाश सैनी को प्रदेश कांग्रेस ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सोंपते हुए उमरिया जैसे बड़े जिले का प्रभार सोंपा है। श्री सैनी ने कांग्रेस संगठन में प्रदेश महामंत्री जैसे बड़े पद का दायित्व भी पूरी निर्भीकता और सक्रियता के साथ निभाया है और वर्तमान में कांग्रेस कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। उमरिया जिले में कांग्रेस प्रभारी के रूप में आप संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत शांतिनगर परसवाड़ा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मेडीकल कॉलेज से सूचना मिली कि सोहन विश्वकर्मा 40 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 16 महाराणा प्रताप वार्ड शांतिनगर परसवाड़ा धनवंतरीनगर संजीवनीनगर को फांसी लगने के कारण लाया गया था जिसे बुधवार दोपहर 2:16 बजे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया।

# दुर्घटना संभावित स्थलों में करें आवश्यक सुधार

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत महीनों में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई और उनके प्रमुख कारणों जैसे तेज गति, नशे में वाहन चलाना, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग न करना तथा सड़क संकेतों की अनदेखी को चिन्हित किया गया।अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं।

### 15 वर्ष से पुराने वाहनों को जब्त करने निर्देश

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कलेक्टर ने कहा कि दीनदयाल चौराहा के आस-पास यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित



करें तथा 15 वर्ष से अधिक के पुराने वाहनों को जब्त कर आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, स्मार्ट सिटी सीईओ, एडीशनल एसपी ट्राफिक, सीईओ जेडीए, परिवहन, नगर निगम तथा लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नशे में वाहन चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

यातायात पुलिस को विशेष अभियान चलाकर हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग को अनिवार्य कराने, ओवरलोडिंग एवं नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को सड़क संकेतक, स्पीड ब्रेकर, स्ट्रीट लाइट एवं रोड मार्किंग को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को दुर्घटना के मामलों में त्वरित उपचार सुनिश्चित करने हेतु ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्था सुदृढ़ करने को कहा गया।

तिलवारा पुल पर भीषण सड़क हादसा

# अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार परिवार को रौंदा,पति-पत्नी की मौत, मासूम बचा

**जबलपुर।** तिलवारा थाना क्षेत्र में बुधवार की रात एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हुआ है। तिलवारा पुल के ऊपर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे एक परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी गोद में मौजूद 6 माह का मासूम बच्चा घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जहां उसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

### 6 माह का मासूम घायल, मौत और जिंदगी के बीच जूझ रहा

महिला की गोद में उसका 6 माह का बच्चा था। जब महिला पुल से नीचे गिरी, तब भी बच्चा सुरक्षित रहा। हालांकि, उसे चोटें आई हैं, जिसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि भगवान की कृपा से ही मासूम की जान बच सकी। हालांकि वे मौत और जिंदगी के बीच जूझ रहा।



### देर रात तक शिनाख्त की कोशिश जारी

पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शुरुआती जांच में मृतक पति-पत्नी बताए जा रहे हैं, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के जिलों और थानों में सूचना भेजकर मृतकों की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है। पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### पुल से नीचे जा गिरी महिला, पति को कुचलते हुए निकला वाहन

तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा के अनुसार बुधवार रात करीब 9:30 बजे पिकअप वाहन जबलपुर से नागपुर की ओर जा रहा था। चालक वाहन को बेहद लापरवाही और तेज गति से चला रहा था, जिसके चलते पुल पर वह बाइक से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर पीछे बैठी महिला उछलकर सीधे पुल से नीचे गिर गई। वहीं, बाइक चला रहे युवक को पिकअप कुचलते हुए आगे निकल गया। दोनों की मौके पर ही सांसे थम गईं।

# ससुराल पक्ष चरित्र पर संदेह कर देता था प्रताड़ना

**खुदकुशी प्रकरण : मर्ग जांच में खुलासा, पति समेत पांच पर एफआईआर**

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत हरदुआ कला में एक महिला ने ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर जहर का सेवन कर खुदकुशी की थी। मर्ग जांच में खुलासा होने के बाद आत्महत्या के लिये उकसाने वाले आरोपी पति, सास, ससुर, चाचा ससुर, चाची सास के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस के मुताबिक हरदुआ कला निवासी श्रीमति रागिनी परोहा 28 वर्ष ने 23 मार्च को जहर का सेवन कर लिया था जिसकी इलाज के दौरान 24 मार्च को मेडिकल में मौत हो गई थी। जांच के दौरान मृतिका के मायके पक्ष के बयान दर्ज किए गए जिसमें यह बात सामने आई कि फरवरी 2019 मे सामाजिक रीतिरिवाज से रागिनी की शादी अनिल परोहा से हुई थी शादी के बाद से ही पति, सास विनीता मरोहा ससुर रामसनेही, चाची सास कल्पना एवं चाचा ससुर राजकुमार परोहा चरित्र पर संदेह करते हुये आये दिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए मारपीट थे। जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या की थी। सम्पूर्ण जांच पर पति अनिल, सास विनीता, परोहा ससुर रामसनेही तथा चाची सास कल्पना एवं चाचा ससुर राजकुमार परोहा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

हमला | गंदगी फैलाई, गुंडा टैक्स मांगा, एफआईआर दर्ज

# नगर निगम सुपरवाइजर पर हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बापू नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने पहुंचे नगर निगम के सुपरवाइजर पर दबंगों ने न केवल शासकीय कार्य में बाधा डाली, बल्कि गंदगी फैलाई। सुपरवाइजर ने मना किया तो उन्होंने गुंडा टैक्स की मांग करते हुए बेसबॉल के डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है । पुलिस के अनुसार रांझी निवासी फरीद खान नगर निगम में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ हैं। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे जब वे बापू नगर क्षेत्र में सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे, तो वहां बाबू



सोनकर और सूरज सोनकर गंदगी फैला रहे थे। फरीद खान ने जब उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो वे विवाद पर उतारू हो गए। विवाद के दौरान आरोपियों ने सुपरवाइजर पर अवैध वसूली का दबाव बनाया। आरोपियों ने फरीद खान को धमकाते हुए कहा, तुम बहुत कमीशन कमा रहे हो, हमें भी इसमें हिस्सा चाहिए। जब सुपरवाइजर ने इसका विरोध किया, तो बाबू और सूरज ने अपने साथियों लक्ष्मण सोनकर, पप्पू सोनकर और ऋषभ सोनकर को बुला लिया। विरोध करने पर पांचों आरोपियों ने मिलकर फरीद खान के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने गुंडा टैक्स न देने पर जान से मारने की धमकी दी और बेसबॉल के डंडे से हमला कर फरीद खान को घायल कर दिया। घटना के बाद घायल सुपरवाइजर, जोन प्रभारी नरेश शर्मा, अनिल मिश्रा (अतिरिक्त कमिश्नर, नगर निगम) और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ थाने पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांचों आरोपियों बाबू, सूरज, लक्ष्मण, पप्पू और ऋषभ सोनकर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।